जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की पहली कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

■ नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

झुंझुनूं (निसं)। जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक गुरूवार को शहर स्थित कुरेशी होटल में आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष उस्मान खान पठान ने की। प्रदेशाध्यक्ष के पहली बार झुंझुनूं आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने कहा कि कांग्रेस एक बड़े परिवार की तरह है और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को भारी बहुमत दिलाने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। चोपदार ने दावा किया कि प्रदेश में चुनाव जब भी होंगे, कांग्रेस मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और जनता का विश्वास हासिल कर दो-तिहाई बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है और राज्य सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। इस दौरान उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में मस्जिदों और मदरसों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा सभी नागरिकों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी एक वर्ग को निशाना बनाकर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के प्रयासों को कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी। चोपदार ने थार क्षेत्र के नेताओं उम्मेदाराम बेनीवाल और हरीश चौधरी द्वारा आयोजित सद्भाव सम्मेलन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश बताया।

जिलाध्यक्ष उस्मान खान पठान ने कहा कि संगठन में जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, उन्हें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए जिलेभर में अभियान चलाया जाएगा। पठान ने प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार का साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा संगठन पर विश्वास जताने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में उदयपुरवाटी, गुढा केड, नवलगढ़, मुकुंदगढ, मंडावा, मेहणसर, बिसाऊ, टाई, गांगियासर, मलसीसर, ख्याली, तमकोर, चिड़ावा, सूरजगढ़, पिलानी, खेतड़ी, पापूरना, बबाई, मंड्रेला, मालीगांव, हिरवा, अलसीसर, बगड़, इस्लामपुर, सुल्ताना सहित जिले के विभिन्न कस्बों और गांवों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इमरान बड़गुजर ने किया, जबकि अंत में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष शब्बीर गहलोत ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

अवैध खनन एवं धूल प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

पाटन (निसं)। पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज () राजस्थान के इंटर्नशिप कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न राज्यों के छात्र---शोधकर्ताओं के दल ने बुधवार को पाटन तहसील के ग्राम स्यालोदड़ा में अवैध खनन एवं धूल प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी हालात का अध्ययन किया। दल ने खनन प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया और पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा आजीविका पर पड़ रहे प्रभावों की विस्तृत जानकारी ली।ग्रामीणों ने अध्ययन दल को बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से चल रही खनन गतिविधियों और लगातार बढ़ते धूल प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में लोग श्वसन एवं फेफड़ों से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे हैं तथा सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी के मामले भी सामने आ चुके हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि प्रभावित लोगों को बीमारी की पहचान, प्रमाणन और सरकारी सहायता प्राप्त करने में कई तरह की प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पडता है, जिससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं ले पाते।

हीरामल धाम पर शिखर शिलान्यास समारोह आयोजित

■ समारोह के बाद धाम में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं नें प्रसाद गृहण किया

खेतड़ी (निसं)। खेतड़ी उपखंड के गुणीनींचा पंचायत के ढाणी परमांकावाली में हीरामल धाम पर शिखर शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दाऊधाम कालाकोटा के बाहुबलदेवाचार्य महाराज के कर कमलों से करवाया गया।

कार्यक्रम से पूर्व पीठाधिश्वर बलदेवाचार्य महाराज को बग्गी में बैठा कर गाजे-बाजे से पुष्प वर्षा करते हुए जयकारे लगाते हुए गांव की सीमा से समारोह स्थल पर लाए, जहां पर पंडित आचार्य भरत शर्मा (उदयपुरवाटी) द्वारा मुख्य यजमान मातादीन फागणा सपत्नीक ,सरदारमल फागणा व हिमांशु फागणा, रामनिवास बजाड व बलदेवाचार्य महाराज से विधिविधान से शिलाओं की पूजा करवाई तथा जयकारे लगाते हुए मंदिर पर गुम्बज का शिलान्यास किया।

अतिथियों ने धाम परिसर में शिवमंदिर, हीरामलजी महाराज व कालशजी के मंदिर में पूजा अर्चना की। समारोह के आयोजकों द्वारा बलदेवाचार्य महाराज का 51किलो की पुष्प माला से स्वागत किया गया। संत भोलूदास महाराज, रामदास महाराज कुण्डाधाम , विनोद दास महाराज का मालाओं से स्वागत किया गया तथा पूज्य महाराज द्वारा आशीर्वचन में उपस्थित जन समुह को पर्यावरण को बढावा देते हुए बरगद ,पीपल जैसे फलदार व छायादार पेड़ लगानें हेतु प्रेरित किया। उन्होंने प्रतिदिन गोमाता व जीव मात्र की सेवा करने व नशे की लत से दूर रहनें, प्रतिदिन एक घंटे रामायण पाठ करने का भी आव्हान किया। समारोह इंद्राज म्हासी एण्ड नेहडा पार्टी द्वारा धार्मिक प्रसंग के नेहडा प्रस्तुत किये, तथा डांसर -सतपाल व चुटकी द्वारा नृत्य पेश किया। समारोह के बाद धाम में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं नें प्रसाद गृहण किया। समारोह में मातादीन फागणा, रामनिवास बजाड, लीला राम, प्रकाश दौराता, धूडाराम दौराता, धर्मपाल, अनिल कुमार, नानूराम,राम सिंह, मालाराम, दाताराम, झन्डूराम कोल्याली, सुबेदार ख्यालीराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया

झुंझुनूं (निसं)। जयपुर संभाग के संयुक्त निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. यदूराज सिंह नाथावत ने गुरूवार को जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया।

उन्होंने ओपीडी, मेडिसिन एवं सर्जरी वार्ड, जनाना वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, टीकाकरण कक्ष और ब्लड बैंक का निरीक्षण कर मरीजों एवं चिकित्सकों से फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. नाथावत ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता पर संतोष जताया। टीकाकरण कक्ष में यू-विन पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों, ड्यूटी प्रबंधन और टीकाकरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों का भी जायजा लिया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि ब्लड बैंक प्रतिवर्ष करीब पांच हजार मरीजों को रक्त एवं रक्त घटक उपलब्ध करा रहा है। इस पर संयुक्त निदेशक ने सेवाओं की सराहना की। उन्होंने मेडिसिन और सर्जरी वार्ड में भर्ती मरीजों से उपचार संबंधी जानकारी ली तथा ओपीडी के अनुपात में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। वार्डों में लगाए गए जंबो कूलरों की व्यवस्था को भी सराहनीय बताया। लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑपरेशन पूर्व एवं पश्चात प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने, पूर्व दिवस में ओटी सूची तैयार करने तथा प्रतीक्षा सूची बनाए रखने के निर्देश दिए। अस्पताल के पीएमओ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि प्रतिदिन 2500 से अधिक ओपीडी होने के कारण एक अतिरिक्त काउंटर शुरू किया गया है तथा जल्द ही दो और काउंटर स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आईसीयू में 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा लैब, एक्स-रे, सीटी स्कैन और ब्लड बैंक सेवाएं भी 24 घंटे संचालित की जा रही हैं। निरीक्षण के बाद आयोजित आरसीएच समन्वय समिति की बैठक में डॉ. नाथावत ने एएनसी पंजीकरण बढ़ाने, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत उच्च जोखिम गर्भवतियों की पहचान और पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के बेहतर आंकड़ों पर अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी। बैठक में रेडियोलॉजिस्ट एवं अस्थि रोग विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने तथा ट्रॉमा सेंटर की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव भी मांगे गए।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ. जितेंद्र भाम्बू, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. कमल अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. प्रियंका शेखसरिया, डॉ. नरेंद्र काजला, डॉ. श्यामलाल, डॉ. आकाश जाखड़, डॉ. नावीद, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जांगिड़, प्यारेलाल, कविता, सुभीता एवं सुभाष सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया, चिरानी में आम रास्ता खुला

■ उपखंड अधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई हुई

खेतड़ी (निसं)। आमजन की समस्या के प्रति संवेदनशील प्रशासन ने खेतड़ी उपखंड के चिरानी गांव में वर्षों से अवरूद्ध पड़े आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराकर बड़ी राहत प्रदान की है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते लंबे समय से बंद पड़ा मार्ग फिर से खुल गया, जिससे प्रभावित परिवार सहित ग्रामीणों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

चिरानी निवासी रमेश कुमार गुर्जर ने प्रशासन को शिकायत देकर बताया था कि उनके घर तक जाने वाला आम रास्ता अतिक्रमण की वजह से लंबे समय से बंद पडा है। रास्ते पर अवरोध होने के कारण परिवार को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की।

उपखंड अधिकारी सुनील कुमार चौहान के निर्देश पर विकास अधिकारी, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि आम रास्ते पर विलायती बबूल सहित अन्य अवरोध खड़े कर मार्ग को बाधित किया गया था।

इसके बाद जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण और अवरोधों को हटवाकर रास्ते को पूरी तरह सुचारू कर दिया गया। रास्ता खुलने के बाद रमेश कुमार गुर्जर और उनके परिवार ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। लंबे समय बाद मार्ग बहाल होने से क्षेत्र के लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी।

तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराकर नियमित रूप से चालू कर दिया गया है। साथ ही अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि दोबारा रास्ते पर कब्जा या अवरोध खड़ा किया गया तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान पटवारी वीरेंद्र, ग्राम विकास अधिकारी उषा रावत, प्रभु गुर्जर, रामनिवास लादी, प्रति कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल को ग्रामीणों ने न्यायपूर्ण और जनहितकारी बताते हुए स्वागत किया है।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address conp.sdlp@yahoo.in Fax &Phone: 01559-222039

क्रमांक :- न.पा.रा./ भूमि/2026-27/2078-79 दिनांक :- 28/06/26

आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों द्वारा विभिन्न श्रेणी पट्टो हेतू आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो तो वह विज्ञिप्त प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.स.	पत्रावली संख्या	आवेदक का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	6743/23.06.2026	श्रीमती कंचना मोदी पत्नी पत्नी लालकिशन मोदी, निवासी वार्ड नं. 02 नया 14, मौहल्ला श्याम विहार राजगढ़ (चूरू)।	2225/1653	222.94 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
2	6714/24.02.2026	श्रीमती निर्मला देवी पत्नी मोहरसिंह, निवासी वार्ड नं. 11 नया 15 मौहल्ला सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)।	770 नया 1682	74.31 वर्गमीटर	कृषिभूनि नियमन
3	6744/23.06.2026	श्रीमती संतोष देवी पत्नी ओमप्रकाश, वार्ड नं. 27 मोहल्ला गुलपुरा मोड़ राजगढ़ (चूरू)	60	715.06 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
4	100/29.12.2025	श्रीमती कलावती पत्नी हरीसिंह हॉल वार्ड नं. 15, मोहल्ला ज्योति नगर के पास, राजगढ़ (चूरू)।	797	334.41 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
5	6290/11.01.2024	श्री माईराम पुत्र मोहरसिंह, वार्ड 38, हिसार रोड़ के पास, राजगढ़	244/1	197.97 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
6	6736/05.06.2026	श्रीमती सोनू पत्नी सतबीर निवासी वार्ड नं. 11 नया 15 एम.पी. कॉलोनी के पीछे, राजगढ़ (चूरू)।	1707	185.78 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
7	6657/30.07.2025	श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र प्रभुदयाल, निवासी बास लालसिंह, हॉल वार्ड नं. 12 (15) बालाजी नगर, राजगढ़ (चूरू)।	2485/1868	167.20 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
8	6690/17.12.2025	श्री अजय कुमार अग्रवाल पुत्र नत्थू राम, निवासी वार्ड नं. 13 नया 23 मौहल्ला बहल रोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू)।	2487/2066	297.25 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
9	6700/08.01.2026	श्रीमती रोशनी पत्नी राजेन्द्र बिजारणिया व तारावती पत्नी विनोद कुमार, वार्ड नं. 11, सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)।	759	345.56 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
10	6745/23.06.2026	श्रीमती भगवानी पत्नी रामकुमार, वार्ड 27, गुलपुरा मोड़, राजगढ़	60	705 वर्गमीटर	कृषिमूनि नियमन
11	6722/23.03.2026	रवि कुमार पुत्र शादीराम, वार्ड नं. नया 23 बहल रोड़, राजगढ़	1079	276.81 वर्गमीटर	कृषिभूनि नियमन
12	6752/24.06.2026	फतेसिंह पुत्र रामजीलाल, वार्ड नं. नया 38 सिद्धमुख रोड राजगढ़	2082/77 (130)	580.79 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
13	6748/24.06.2026	सुशीला पत्नी राजेश कुमार सहारण, वार्ड नं. नया 13 खैमाणा रोड, राजगढ़	1456	180.64 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
14	6747/23.06.2026	कान्ता देवी पत्नी होशियार सिंह, वार्ड नं.01, कर्ण विहार, राजगढ़	283	133.04 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
15	6746/23.06.2026	सोनू पुत्र चुन्नीलाल माली, वार्ड नं. 01, कर्ण विहार, राजगढ़	221	263.38वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
16	6751/24.06.2026	सत्यपाल सिंह पुत्र मेघराज, वार्ड नं. 11 नया 15ए एम.पी. कॉलोनी, राजगढ़	2186/2180/795	297.25 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
17	6750/24.06.2026	सत्यपाल पुत्र माई सुखराम, वार्ड नं. 28 नया 36 हिसार रोड़ सिद्धमुख मोड़ के पास राजगढ़	249	63.20 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
18	6753/24.06.2026	मानसिंह पुत्र रामजीलाल, वार्ड नं.28 नया 38, जाट नगर, राजगढ़	82	185.04 वर्गमीटर	कृषिभूनि नियमन
19	6754/24.06.2026	बिमला देवी पत्नी सुबेसिंह, जाति मेघवाल, निवासी कालानाताल, हॉल वार्ड नं. 15 राजस्थान स्कूल के पास, राजगढ़	1717	371.60 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
20	6755/24.06.2026	बिमला देवी पत्नी सुबेसिंह, जाति मेघवाल, निवासी कालानाताल, हॉल वार्ड नं. 15 राजस्थान स्कूल के पास, राजगढ़	1717	273.61 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
21	6756/24.06.2026	बिमला देवी पत्नी सुबेसिंह, जाति मेघवाल, निवासी कालानाताल, हॉल वार्ड नं. 15 राजस्थान स्कूल के पास, राजगढ़	1717	371.60 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
22	6757/24.06.2026	भाई नितिन कुमार एज्यूकेशनल एण्ड सोशियल वैल्फेयर ट्रस्ट सचिव/निदेशक- कौशल कुमार पूनियां पुत्र रामप्रताप पूनियां, एन.एच. बाईपास के पास राजगढ़	2368/2366	3429.12 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
23	6749/24.06.2026	अंकुर अग्रवाल पुत्र रामप्रताप अग्रवाल, वार्ड नं. 03 राजगढ़	209	196.19 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
24	6758/24.06.2026	रजिया पत्नी यूनस लुहार, वार्ड नं. 38, एम.टी.एस. होटल के पास, नेशल हाईवे, राजगढ़	161	297.25 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
25	6759/24.06.2026	रविशंकर पुत्र गोपीराम, वार्ड नं. 04	2187/141	177.30 वर्गमीटर	कृविभूमि नियमन
		मोहल्ला राजगढ़ (चूरू)			
26	6760/24.06.2026	संदीप कुमार पुत्र वेदपाल फगेड़िया, वार्ड नं. 15 मोहल्ला एम.पी. कॉलोनी, राजगढ़	1673	204.36 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
27	6761/24.06.2026	दीप्ति सैन पत्नी रमनप्रकाश, वार्ड नं. 38 मौहल्ला आईडियल स्कूल के पास राजगढ़	1612/244	167.20 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
28	6762/24.06.2026	सांवरमल सैनी पुत्र मक्खनलाल, वार्ड नं. 16 पुलिस रेस्ट हाउस के पीछे, राजगढ़	945	111.47 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन
29	6763/24.06.2026	अकबर अली पुत्र जलालुदीन लुहार, वार्ड नं. 38 भक्कड़ स्कूल के पास राजगढ़	245	105.89 वर्गमीटर	कृषिभूमि नियमन

(कृष्ण कुमार छाबा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)